हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

29 अप्रैल 2024, समय 1810

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए नामांकन हेतु अधिसूचना जारी हुई। हरियाणा की सभी 10 सीटों के लिए मतदान इसी चरण में 25 मई को होगा।
- हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।
- हरियाणा में नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही चुनाव प्रचार तेज़ हुआ। विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने भारी जनसमर्थन मिलने का दावा किया।
- अमरीका के विभिन्न राज्यों में मवेशियों एवं दूध में इन्फ्लूएंजा वायरस मिलने के बाद, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में वर्तमान स्थिति का आकलन किया।
- जननायक जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की और करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए राजेंद्र मदान को प्रत्याशी घोषित किया।

..............................................................................

लोकसभा चुनाव की छठे चरण के लिए नामांकन हेतु अधिसूचना जारी होते ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

हरियाणा की सभी 10 सीटों के लिए मतदान इसी चरण में 25 मई को होगा। प्रत्याशी 6 मई तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। 7 तारीख को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 9 मई तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन दोपहर बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जायेंगे।

हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि 25 मई को मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। प्रदेश के सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ 99 लाख 81 हज़ार 982 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 93 लाख 77 हज़ार 244 है।

..............................................................................

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ज़ाकिर हुसैन, पलवल से विधायक दीपक मंगला, हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ बीजेपी नेता रामविलास शर्मा सहित अन्य कई नेता उनके साथ मौजूद रहे।

अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद राव इंद्रजीत सिंह ने एक जनसभा को संबोधित किया और लोगों से उन्हें छठी बार चुनकर लोकसभा भेजने की अपील की। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकजुट हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि यह उनका या मंच पर बैठे नेताओं का नहीं बल्कि लोगों के भविष्य का चुनाव है।

जनसभा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मंत्री राम बिलास शर्मा और हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष ज़ाकिर हुसैन ने भी संबोधित किया और अपने अपने इलाके से राव इंद्रजीत को जिताने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने 2014 का और अब 2014 का गुरूग्राम भी देखा है। उन्होंने गुरूग्राम क्षेत्र में सड़क, रेल एवं मैट्रो के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें राव इंद्रजीत सिंह की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे एक बार फिर राव इंद्रजीत सिंह को मतों के भारी अंतर से जितायें ताकि गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र का विकास इसी तरह होता रहे।

..........................................................................................

हरियाणा में नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही चुनाव प्रचार तेज हो गया है।

आज हिसार लोकसभा क्षेत्र के मंडी आदमपुर में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार से बीजेपी प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला के पक्ष में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। इस अवसर पर बीजेपी नेता कुलदीप बिश्नोई, विधायक भव्य बिश्नोई, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा सहित कई गणमान्य नेता मौजूद रहे।
श्री मनोहर लाल ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों गिनवाते हुए कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि अब देश की कूटनीतिक और सैन्य ताकत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने 1970 में गरीबी हटाने की बात की थी और राहुल गांधी अभी भी गरीबी हटाने की बातकर रहे हैं। श्री मनोहर लाल ने कहा कि गत 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने 20 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है।

हिसार से बीजेपी प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ने भी जनसभा को संबोधित किया और कहा कि बीजेपी से ज्यादा सम्मान उन्हें कहीं नहीं मिला। उन्होंने कई नेताओं का नाम गिनवाते हुए कहा कि धीरे धीरे लोग कांग्रेस को छोड़ रहे हैं। श्री चौटाला ने लोगों से उन्हें जिताने की अपील की और वादा किया कि वे सांसद बनने के बाद भव्य बिश्नोई को साथ लेकर आदमपुर का विकास करवायेंगे।

उधर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांगेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप ने आज पलवल के गांव चादहट में चुनाव प्रचार किया और लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भेदभाव की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया कि कांगेस 10 की 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल (ईनेलो) के प्रत्याशी सुनील तेवातिया ने आज पलवल जिले के गांव अलावपुर में जन संवाद किया और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। श्री तेवातिया ने कहा कि उनका मुकाबला किसी राजनीतिक दल से नहीं है और उन्हें लोगों से भरपूर समर्थन मिल रहा है।

भिवानी महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस व ''इंडी'' गठबंधन के प्रत्याशी राव दान सिंह ने आज भिवानी में लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि भिवानी महेंद्रगढ़ क्षेत्र में औद्योगिक विकास, पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी की कमी को दूर करने के लिए बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत है।

भिवानी में अपने कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी द्वारा श्रुती चौधरी की टिकट कटने के बाद राव दान सिंह पर अप्रत्यक्ष रूप ये टिप्पणी किये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि किरण चौधरी से उनकी बात हुई है और उन्होंने मदद का आश्वासन दिया है।

..........................................................................

केंद्र सरकार, राज्यों में मौसमी इन्फ्लूएंजा की बारीकी से निगरानी कर रहा है।

अमरीका के विभिन्न राज्यों में मवेशियों और दूध में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस का पता चलने की रिपोर्टों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ एक समीक्षा बैठक की। हालाँकि, अभी तक देश के किसी भी हिस्से में मौसमी फ्लू के मामलों में कोई असामान्य चिंताजनक वृद्धि नहीं हुई है।

..........................................................................

जननायक जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी हैं।

इसी सूची में पांच प्रत्याशियों का नाम घोषित किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी द्वारा जारी सूची के अनुसार अंबाला लोकसभा क्षेत्र से किरण पुनिया, कुरूक्षेत्र से पाला राम सैनी और करनाल से देवेंद्र कादियान को चुनाव मैदान में उतारा गया है। वहीं सोनीपत लोकसभी क्षेत्र से भूपेंद्र मलिक और रोहतक से पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

पार्टी ने करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। राजेंद्र मदान, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रतिद्वंदी के तौर पर चुनाव लड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि जननायक जनता पार्टी द्वारा प्रथम सूची में सिरसा, हिसार, गुरूग्राम, फरीदाबाद और भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशियों की घोषणा की गई थी।

.................................................................................

निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त किए गए व्यय पर्यवेक्षक सत्य नारायण ताखर ने आज रोहतक में कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी। अगर कोई आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं स्वतंत्र तरीके से चुनाव करवाना ही उनकी प्राथमिकता है। आज ही रोहतक पहुंचे श्री ताखर ने कहा कि चुनावी खर्च से संबंधित अगर किसी व्यक्ति दल को कोई शिकायत है, तो वह सिंचाई विश्राम गृह में उनसे संपर्क कर सकता है।

.................................................................................

सोनीपत में 26 से 28 अप्रैल तक आयोजित हरियाणा राज्य पॉवर लिफ़्टिंग प्रतियोगिता में हिमांशी ने 47 किलोग्राम व रिधिमा ने 57 किलोग्राम में रजत पदक, जबकि काजल ने 43 किलोग्राम व संजना ने 57 किलोग्राम और अमनदीप कौर ने 52 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता हैं। इस टीम ने हरियाणा राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया हैं।

यह सभी खिलाड़ी अंबाला शहर में राजीव गांधी खेल स्टेडियम में चल रही विभागीय प्रशिक्षक की भारोत्तोलन खेल नर्सरी से हैं।

.................................................................................

चरखी दादरी की जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रायोगिक अभ्यास का पहला चरण कल शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार बाढड़ा और दादरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक व दो मई को जनता कॉलेज के सभागार में दो चरणों में होगा।

..................................................................................

रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर आज संपन्न हो गया। समापन सत्र को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया।

उन्होंने जीवन में स्वास्थ्य की महत्ता बताते हुए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासित होकर मानसिक और शारीरिक तौर पर तंदुरुस्त रहा जा सकता है। प्रो. राजबीर सिंह ने स्वास्थ्य में पौष्टिक आहार की भूमिका को अहम बताते हुए यूथ रैड के क्रॉस के वॉलंटियर्स से पौष्टिक फूड खाने, नियमित व्यायाम और योग करने तथा पर्याप्त नींद लेने का आह्वान भी किया।

इस सात दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया।

..................................................................................